तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 11 जुलाई 2025



12 गुरु पूर्णिमा पर जनप्रतिनिधियों ने वरिष्ठ शिक्षकों व ...





12 बस्तर के कोंडागांव मॉडल को राष्ट्रीयस्तर...







## खबर संक्षेप

### पशुओं को सड़क पर छोड़ने पर होगी कार्रवाई : संग्राम



**जगदलपुर।** नगर पालिका निगम के महापौर संजय पांडे के मार्गदर्शन में गौ माता की सुरक्षा के लिए अभियान चलाया जाएगा। सड़कों पर आवारा पशुओं, विशेषकर छोड़ी गई गायों की बढ़ती संख्या पर जनप्रतिनिधियों और नागरिकों में चिंता देखी जा रही है। इस संदर्भ में राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने बयान देते हुए कहा कि सड़कों पर जानवरों को छोड़ना न केवल यातायात के लिए खतरा है, बल्कि यह पशुओं के प्रति अमानवीयता भी दर्शाता है। नगर निगम को निर्देशित किया गया है कि वे ऐसे पशुओं को शीघ्र ही गौशालाओं में पहुंचाने की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि जिन पशुपालकों द्वारा जानबूझकर गायों को सड़कों पर छोड़ा जाता है, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे नियमित निगरानी रखें और आवश्यकता पड़ने पर जुर्माना वसूलें। नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा ने जानकारी दी कि विशेष अभियान चलाकर सड़कों पर घूम रही गायों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाएगा और उनके लिए चारा-पानी की व्यवस्था की जाएगी।

### भाजपा महिला मोर्चा ने गुरु का किया सम्मान



**जगदलपुर।** भाजपा महिला मोर्चा ने आज गुरु पूर्णिमा के मौके पर गुरु का सम्मान किया। भाजपा महिला मोर्चा की सदस्याओं ने डिमरापाल आश्रम में पद्मश्री धर्मपाल सैनी व प्रजापिता ब्रम्हकुमारी में मंजूषा दीदी को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुधा मिश्रा, ममता सिंह राणा, सफीरा साहू, गीता नाग, किरण सेन, लक्ष्मी कश्यप, ललिता बघेल, धानमती, शोभा रानी आदि उपस्थित रहे।

### शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में 13 तक दिया जाएगा प्रवेश

**जगदलपुर।** बस्तर अंचल के विद्यार्थियों को पीपीटी परीक्षा से छूट प्रदान कर त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम हेतु पॉलीटेक्निक संस्था में सीधे प्रवेश का अवसर देते हुए शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक में संचालित पाठ्यक्रमों के रिक्त सीटों को तृतीय चरण की काउंसलिंग के माध्यम से भरा जाना है। इसके लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया एवं आवेदन के तृतीय चरण की काउंसलिंग 10 जुलाई से 13 जुलाई तक होना है। आवेदन के लिए आनलाइन पोर्टल 13 जुलाई तक खुला रहेगा।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित दो परिवारों को 8 लाख की सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवारों को सहायता राशि जारी की है। उन्होंने 2 परिवारों को 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत तहसील लोहण्डीगुड़ा ग्राम हर्राकोडेर निवासी सुशांत की मृत्यु पानी डूबने से माता श्रीमती लालबती को और ग्राम भेजा निवासी अनिता ठाकुर की मृत्यु पानी में डूबने से पिता नरेश कुमार ठाकुर प्रत्येक को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

# आईटीआर के वन्य प्राणियों के लिए 1597 हेक्टेयर में बना चारागाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

**इन्द्रावती टायगर रिजर्व बीजापुर जंगल में हल चलाकर उगाई घास**





अलग खबर

बस्तर संभाग के इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर द्वारा शाकाहारी वन्य प्राणियों के लिए 1597 हेक्टेयर में चारागाह बनाया गया। इसके लिए जंगल के मैदान में हल चलाकर घास उगाया गया है। इसमें से वन परिक्षेत्र कुटरू एवं बीजापुर क्षेत्र के जंगल में घास लगाया गया। इससे शाकाहारी वन्य प्राणियों को आसानी से घास मिल सके। रिजर्व के रिक्त भूमि में घास का मैदान विकसित किया ताकि वन्यप्राणी इसे अपने अनुकूल मानकर बसेरा बना सके। पहले वन्य प्राणी बसाहट की वजह से मनुष्य, गाय-भैंस एवं कुत्तों को देखकर सहम जाते थे। पर अब यहां उनके अनुकूल घास होने से शाकाहारी जानवरों की संख्या भी तेजी से बढ़ने की संभावना है। इस उद्यान में विभिन्न प्रजातियों के पौधों, पेड़ों, पक्षियों और जंगली जानवरों का घर है। अभयारण्य में पाए जाने वाले जंगली जानवरों की विभिन्न प्रजातियों में नीलगाय, सांभर, गौर, बार्किंग हिरण, स्लॉथ भालू, जंगली सूअर, सियार और धारीदार लकड़बग्घा सहित जंगली भैंस शामिल हैं। इसी प्रकार, पक्षीविज्ञानियों ने भी अभयारण्य में रहने वाले पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों की उपस्थिति दर्ज की है। बीडब्ल्यूएस में पाई जाने वाली महत्वपूर्ण पक्षी प्रजातियों में डार्टर, कठफोड़वा, मोर, ⏭ शेष पेज 12 पर

### वन्य प्राणियों को मारे नहीं

इन्द्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर के उप निदेशक संदीप बलगा ने बताया कि रिजर्व में रहवास वन्य प्राणियों के लिए सटे हुए गांवों में ग्रामीणों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। ग्रामीणों को बताया जा रहा है कि वन्य प्राणियों को मारे नहीं बल्कि सूचना दें, जिससे बचा सकें।

**विडंबना:** संभाग में विशेषज्ञ डॉक्टर का सेटअप 355 स्वीकृत पर पदस्थ 45

# आईसीयू में बस्तर की स्वास्थ्य सेवाएं इलाज के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



अलग खबर

बस्तर संभाग प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध, पर स्वास्थ्य सेवाएं आईसीयू में है, यहां इलाज कराना एक लंबी लड़ाई लड़ने जैसा है। विशेषज्ञ डॉक्टरों के 355 स्वीकृत पद हैं और पदस्थ 45 विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रहे हैं, इस तरह से लगभग 310 पद खाली हैं। हर मरीज अस्पताल की ओर देख रहा है, लेकिन डॉक्टरों की मौजूदगी योजनाओं तक सिमटी है। ये वे लोग होते हैं जिनके पास किसी महिला की सुरक्षित डिलीवरी से लेकर किसी वृद्ध के हार्ट अटैक तक का इलाज होता है, जिनकी मौजूदगी से एक छोटा सीएचसी भी बड़ा जीवनदाता बन सकता है। बस्तर संभाग के हर जिले की तस्वीर अलग नहीं, बल्कि एक जैसी दयनीय है।

- 310 डाक्टर नहीं होने से लाखों लोगों का इलाज जो रहा प्रभावित

### मुख्यालय भेजते हैं जानकारी

*स्वास्थ्य विभाग बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक डॉ. महेश शांडिल्य ने इस संबंध में बताया कि डॉक्टरों के साथ अन्य रिक्त पदों की जानकारी मुख्यालय को भेजा जाता है। इसके अलावा सातों जिलों के सीएमएचओ को निर्देश दिया कि सुविधानुसार मरीजों को उपचार करें। जिससे मरीजों बाहर न जाना पड़े।*

### ओपीडी में रोज पहुंच रहे 800 मरीज

*शासकीय जिला महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद ने बताया कि मौसमी बीमारियों के चलते अस्पताल में रोजाना 800 से अधिक मरीजों की जांच ओपीडी में हो रही है। ओपीडी काउंटर से लेकर जांच केंद्र के बाहर मरीजों की लंबी लाइन लगी हुई है, इन दिनों बुखार के मरीजों की संख्या अधिक दिखाई दे रही है।*

### सुकमा जिले में एक भी विशेषज्ञ डाक्टर नहीं

सुकमा जिले में विशेषज्ञ डॉक्टरों के 32 पद स्वीकृत हैं, लेकिन एक भी डॉक्टर नहीं है। बीजापुर जिले में 62 पद स्वीकृत हैं, लेकिन गिनती के 3 विशेषज्ञ डॉक्टर हैं, दंतेवाड़ा जिले में 44 पद स्वीकृत हैं, लेकिन यहां महज 4 विशेषज्ञ डॉक्टर हैं। इसी तरह नारायणपुर जिले में स्वीकृत 31 पदों में से महज 5 कार्यरत हैं। कोंडागांव जिले में 51 स्वीकृत पदों में से महज 7 डॉक्टर हैं। कांकेर जिले में 68 स्वीकृत पदों में से 14 कार्यरत हैं एवं बस्तर जिले में 67 पद स्वीकृत हैं, लेकिन 12 विशेषज्ञ डॉक्टर ही कार्यरत हैं।

### अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की भीड़

इन जिलों में नक्सल, सड़क हादसे, प्रसव जटिलताएं और वायरल बीमारियों की भरमार है। जगदलपुर, कांकेर, दंतेवाड़ा जैसे प्रमुख संस्थानों पर रोजाना सैकड़ों मरीज पहुंचते हैं, कई गंभीर केस हैं लेकिन डॉक्टर कम हैं, ओपीडी में भीड़, ऑपरेशन थिएटर में प्रतीक्षा और वार्डों में इलाज की बजाय उम्मीदें पड़ी होती हैं। मेडिकल संसाधन नहीं मानसिक थकावट भी डॉक्टरों के अंदर दिखने लगी है। मरीजों की मजबूरी उन्हें रायपुर, विशाखापट्टनम या हैदराबाद ले जाते हैं। सैकड़ों किलोमीटर की दूरी, हजारों का खर्च और कई बार समय की देरी जान पर भारी पड़ती है। इसी बीच एक और हैरान करने वाली सच्चाई सामने आती है सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, जो जगदलपुर में केंद्र सरकार की योजना से बनकर तैयार हो गया है, आज तक शुरू नहीं हुआ। भवन तैयार है, मशीनें लग चुकी हैं, लेकिन डॉक्टर नहीं हैं।

# समलेश्वरी 15 तक नहीं जाएगी हावड़ा, हीराखण्ड एवं राउरकेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



पूर्वतट रेल के रायगड़ा रेल मंडल अंतर्गत किरन्दुल-कोत्तवालसा रेल लाइन के मल्लिगुड़ा-जरटी स्टेशन के मध्य 2 जुलाई को पहाड़ से करीब 25 हजार घन मीटर मिट्टी व चट्टान का मलबा रेल ट्रैक के ऊपर गिरने से घटना से दो दिन तक केके रेल लाइन बाधित थी। मरम्मत व सुधार कार्य के बाद 4 जुलाई शुक्रवार की शाम से ट्रेक फिट दिया गया। वर्तमान में इस लाइन में लोह अयस्क का परिवहन किया जा रहा है, लेकिन लाइन बहाली के 6 दिनों के बाद भी यात्री ट्रेनो का परिचालन को रद्द किया गया है।

लैंड स्लाइड ओडिशा में हो रही बारिश के चलते घटनास्थल पर अभी भी ट्रेक के नीचे की मिट्टी नरम होने से वरिष्ठ रेल अधिकारी यात्रियों की सुरक्षा पर किसी प्रकार का रिस्क लेने के मूड में नहीं है। यही कारण है कि किरंदुल और जगदलपुर से शुरू होने वाली सभी एक्सप्रेस वे एक पैसेंजर ट्रेन का परिचालन रद्द कर दिया गया है। विशाखापटनम रेल मंडल मुख्यालय के ताजा बुलेटिन के अनुसार हावड़ा से जगदलपुर चलने वाली समलेश्वरी एक्सप्रेस को 11 से 15 जुलाई तक रोक दिया गया। जबकि किरन्दुल से विशाखपट्नम आने-जाने वाली नाइट एक्सप्रेस ट्रेन को 11 से 14 जुलाई, विशाखापटनम से किरन्दुल ⏭ शेष पेज 12 पर

- एक्सप्रेस ट्रेनों के पहिये 14 जुलाई तक थमे रहेगे
- लैंड स्लाइड की घटना के बाद रेल प्रशासन यात्रियों की सुरक्षा को लेकर कोई रिस्क लेना नहीं चाहता

### रेल सिग्नल डिपार्टमेंट के सेक्शन इंजीनियर के कार्य की सराहना

लेंड स्लाइड घटना के बाद घटनास्थल पर रेल सिग्नल डिपार्टमेंट के सेक्शन इंजीनियर वेणुगोपाल राव सिग्नल कार्य के सुधार में जितनी तत्परता के और सूझबूझ के साथ समय के पूर्व पूरा किया। उनके इस कार्य से उत्साहित होकर विशाखापटनम रेल मंडल के डीआरएम ललित बोहरा उनका स्थानांतरण विशाखापटनम कर दिया।

# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय में एक पेड़ माँ के नाम/"अभियान के अंतर्गत बीएड भवन प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने स्वयं पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय सेवा योजना शहीद महेंद्र कर्मा बस्तर विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सजीवन कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रो एसएम मिश्रा विभागाध्यक्ष कला संकाय, डॉ. सजीवन कुमार सह प्राध्यापक,डॉ अभिषेक अवस्थी, डॉ. भुनेश्वर लाल साहू, डॉ. देवेंद्र कुमार मरावी, डॉ. सियालाल नाग , पूर्णेन्द्र मिर्धा, डॉ. दुर्गेश डिक्सेना, डॉ. डिगेश्वर साहू , डॉ. रश्मि देवांगन, डॉ. तूलिका शर्मा व अन्य प्राध्यापकगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का परिचय देते हुए लगभग 50 पौधा का पौधारोपण किया गया व शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय द्वारा 400 पौधा लगाने का ⏭ शेष पेज 12 पर

# डुप्लीकेट सिगरेट मामले में आरोपी व्यवसायी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर






चार्म्स सिगरेट के स्थानीय डिस्ट्रीबूटर्स व दिल्ली से आए कम्पनी के लीगल एडवाईजर की रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस ने आरोपी व्यापारी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई कर रही है। दर्ज शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने रेड कार्रवाई करते हुए 53 हजार रूपए से अधिक की चाम्स सिगरेट के 36 बंडल जब्त किया है।

कोतवाली टीआई भोलासिंह राजपूत ने बताया कि चार्म्स सिगरेट के जगदलपुर निवासी डिस्ट्रीब्यूटर सतीश राव जाधव व दिल्ली से आए कंपनी के लीगल एडवाइजर हरगोविंद जाधव की रिपोर्ट पर प्रतापगंज पारा स्थित हनुमान ट्रेडर्स में रेड कार्रवाई करते हुए 53 हजार 650 रूपए की चाम्स सिगरेट के 36 बंडल में रखा 11450 स्टिक जब्त किया है। मामले में दुकान संचालक दीपक अग्रवाल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी से पूर्व 94 बीएनएसएस को नोटिस दिया गया। प्रार्थी व व्यापारी के पास रखे चार्म्स व चाम्स सिगरेट का मिलान किया गया। जांच उपरांत पाया गया कि व्यापारी द्वारा बिना वैद्य रजिस्ट्रेशन कराए आवेदक के चार्म्स सिगरेट की नकल कर एवं उसे नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से सादृश्य सिगरेट रखना व बेचना पाया गया। मामले में आरोपी दीपक अग्रवाल निवासी प्रतापगंज पारा के खिलाफ धारा 63 कॉपीराइट एक्ट 1957 के अंतर्गत पाए जाने से मामला दर्ज कर गिरफ्तारी कि गई। मामले में दंड स्वरूप 3 साल का कारावास एवम आर्थिक दंड का प्रावधान है। कंपनी के अधिकारी ने बताया कि बस्तर जिले के अलावा दंतेवाड़ा बीजापुर व सुकमा जिले में भी नकली सिगरेट के क्रय विक्रय की शिकायत मिल रही है। जिसपर जल्द ही कार्यवाही की जाएगी तथा छापामारी की कार्यवाही एक नियमित अंतराल में लगातार की जाएगी। कोतवाली टीआई ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और जल्द ही शिकायत को देखते हुए मामले में संलिप्त अन्य लोगों के खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है।

- लीगल एडवाइजर व डिस्ट्रीबुटर्स ने दर्ज कराई शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

**दोबारा ऐसी घटना न हो इसके लिए सभी तकनीकी आवश्यक कार्य पूरा करने दिए निर्देश**

# पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक ने केके और केआर लाइन का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



पूर्वतट रेल जोन भुवनेश्वर के रेल महाप्रबंधक परमेश्वर फुंकवाल दो दिवसीय प्रवास पर बुधवार को कोरापुट पहुंचे। इस दौरान वे कोरापुट से सीधे सड़क मार्ग से जरटी पहुंचे। जहां से वे ट्रॉली में सवार होकर मल्लिगुड़ा-जरटी स्टेशन के मध्य 2 जुलाई को हुए लैंड स्लाइड घटना स्थल पहुंच स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। वे इस घटना को काफी गम्भीरता से लिये। साथ बरती गई लापरवाही पर काफी नाराजगी जताई। भविष्य ऐसी घटना दोबारा न हो इसके लिए उन्होंने विशाखापटनम रेल मंडल के डीआरम को आवश्यक निर्देश देते जरूरी तकनीकी खामियों को दूर करने कहा। उन्होंने ट्रैक,स्टेशन यार्ड,रेलवे प्रतिष्ठानों,रेलवे स्टेशनों आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रैक, मोड़, पुलों, पॉइंट्स और क्रॉसिंग आदि के सुरक्षा पहलुओं की जाँच के लिए सेक्शन का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान रेल महाप्रबंधक के ⏭ शेष पेज 12 पर

- 2 जुलाई को मल्लिगुड़ा-जरटी स्टेशन के मध्य हुई लैंड स्लाइड घटना को लेकर रेल जीएम गम्भीर

### केआर लाइन का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण

जीएम ने कोरापुट-रायगढ़ लाइन का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। मार्ग पर मोड़ों, पुलों,सुरंगों और सिग्नलिंग प्रणालियों की सुरक्षा जांच की जा सके। उन्होंने लेलिगुम्मा-रौली के बीच एक प्रमुख पुल, काकिरीगुमा में रेलवे साइडिंग का भी निरीक्षण किया और लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या केआर-15 पर सुरक्षा ऑडिट भी किया। उन्होंने रेलवे कर्मचारियों और गैंगमैनों से बातचीत की और सुरक्षा प्रोटोकॉल तथा परिचालन प्रक्रियाओं के बारे में उनके कौशल स्तर और जागरूकता का मुल्यांकन किया।

# भाजपाइयों ने किया गुरु पूर्णिमा पर गुरुजनों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

गुरु पूर्णिमा पर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी ने गुरूजनों का सम्मान किया। गुरू शिष्य की गरिमामयी परंपरा को सार्थक रूप देने की भावना से भाजपा संगठन के वरिष्ठों ने गुरूजनों व समाज के विभिन्न क्षेत्रों में निस्वार्थ सेवा में सक्रिय गणमान्यों का उनके निवास पहुँच कर शाल, श्रीफल,स्मृति चिन्ह व पुष्प भेंटकर सम्मानित किया व उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। बस्तर हाई स्कूल से सेवानिवृत्त शिक्षक नायडू , कृष्ण मूर्ति शुक्ला, शिक्षाविद बीएल झा, बंशीलाल विश्वकर्मा, डॉ रिजवी, पीजी कॉलेज सेवानिवृत्त प्रोफेसर एम अली, वरिष्ठ अधिवक्ता अरूण ठाकुर, जोगेंद्र महापात्र जोगी का सम्मान ⏭ शेष पेज 12 पर

- शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंटकर किया सम्मानित

## खबर संक्षेप

### रति, रमेश व निमेंद्र बनाए गए ब्लाकों के कार्यकारी अध्यक्ष



**कोण्डागांव।** जिला कांग्रेस कमेटी ने तीन नए कार्यकारी अध्यक्षों की घोषणा की है जिसमे रति मरकाम रमेश बेसरिया और निमेंद्र दीवान के नाम शामिल हैं। तीनों ही नेता अपने अपने कार्यक्षेत्र मे अच्छी दखल रखते हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बुधराम नेताम ने यह नियुक्ति आदेश जारी किया। उन्होंने कहा नई नियुक्ति से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। हम भाजपा की जनविरोधी नीतियों को और अधिक दमदारी के साथ मुकाबला करेंगे। वहीं पार्टी कि विचारधारा को जन जन पहुंचाने की दिशा मे काम करेंगे। नियुक्ति को लेकर सभी वरिष्ठ नेताओं सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने हर्ष जाहिर किया है।

### मजदूरों से भरा वाहन पलटा चालक के खिलाफ जुर्म कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत रोपा लगाकर वापस आते समय वाहन पलट गया। वाहन के पलटने से सवार व्यक्तियों को चोट आई है। बड़गांव थानांतर्गत छिंदपाल निवासी 18 वर्षीय सुरेंद्र यादव ने पुलिस को बताया कि 6 जुलाई को छोटा हाथी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीयू 6294 में 21 लोग सवार होकर पीव्ही 14 से छिंदपाल रोपा लगाने के लिए गए थे। चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए अचानक ब्रेक लगा दिया, जिससे वह पलट गया।

**पर्व: गरिमामय आयोजन में आमजन ने भी लिया आशीर्वाद**

# गुरु पूर्णिमा पर जनप्रतिनिधियों ने वरिष्ठ शिक्षकों व गायता पुजारियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर शहर में एक विशेष सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा, एवं मंडल अध्यक्ष कुलवंत चहल के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने नगर के वरिष्ठ शिक्षकों एवं पारंपरिक गायता पुजारियों के निवास पर जाकर उन्हें सम्मानित किया।

- **गुरु समाज को दिशा देने वाले होते हैं आदर्श स्तंभ**

इस दौरान अतिथियों ने शिक्षकों और गायता पुजारियों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर उनका स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस पहल का उद्देश्य गुरुजनों के प्रति श्रद्धा प्रकट करते हुए उनके योगदान को नमन करना था। उन्होंने कहा कि गुरु न केवल ज्ञान के प्रकाशक हैं, बल्कि समाज को दिशा देने वाले आदर्श स्तंभ भी होते हैं। नगरपालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने कहा, गुरु पूर्णिमा वह दिन है जब हम अपने जीवन में मार्गदर्शन देने वाले गुरुओं का सम्मान करते हैं। चाहे वे आधुनिक शिक्षक हों या पारंपरिक गुरुकुल व्यवस्था के संरक्षक सभी का योगदान अमूल्य है। मौके पर महेंद्र पारख, बंटी नाग, अविनाश सोरी, देवेंद्र मौर्य, आसिफ कपाड़िया सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से वरिष्ठजनों का आशीर्वाद लिया और गुरु परंपरा को सजीव बनाए रखने का संकल्प लिया। इस आयोजन ने कोण्डागांव नगर में गुरु–शिष्य परंपरा को नई ऊर्जा दी और समाज में गुरुओं के महत्व को पुनः स्मरण कराया। कार्यक्रम को लेकर नगर में सकारात्मक माहौल देखने को मिला।

### गुरु बच्चों के जीवन के पथ प्रदर्शक



**धनोरा।** गुरु पूर्णिमा पर पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय धनोरा में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य के. आर. प्रधान ने विद्यार्थियों को गुरु पूर्णिमा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि गुरु बच्चों के जीवन के पथ प्रदर्शक होते हैं, जो अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं। कार्यक्रम में श्रीमती हर्षा शुक्ला व्याख्याता,श्रीमती निरुपमा मेश्राम शिक्षक के द्वारा भी बच्चों को गुरु पूर्णिमा पर संबोधित किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने भी इस अवसर पर अपने विचार साझा किए। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक रहा।

# स्कूल बस को बोलोरो ने मारी टक्कर, 12 बच्चे हुए घायल







हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर पंचायत के ग्राम पासंगी पेट्रोल पंप के पास गुरुवार की सुबह करीब 9 बजे फरसगांव के सरस्वती शिशु मंदिर की बस को पीछे से बोलोरो वाहन ने टक्कर मार दी। बस में कुल 20 बच्चे सवार थे, जिनमें से 12 बच्चों को चोट आई है। सभी घायल बच्चों को उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल में लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार किया गया। एक बच्चे के कमर और सीने में चोट आई, उन दोनों का एक्सरे करवाया गया, रिपोर्ट सामान्य पाई गई। जिसके बाद सभी को डिस्चार्ज किया गया। टक्कर से बस के पीछे और बोलोरो के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर फरसगांव पुलिस ने बोलोरो वाहन क्रमांक सीजी 21 जे 3674 और चालक को अपने कब्जे में लेकर थाने लाकर प्रारंभिक जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि बोलोरो का चालक शराब के नशे धुत था। जिसने लापरवाहीपूर्वक वाहन को चलाते हुए रोड किनारे खड़ी बस स्कूल को पीछे से टक्कर मार दी। स्कूल बस रांधना गई हुई थी, जहां से बच्चों को लेकर फरसगांव आ रही थी। तभी पासंगी में पेट्रोल पंप के पास एक बच्चों को बस में बैठाने खड़ी थी।

- **पासंगी पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा**

# डीईओ ने किया शालाओं का औचक निरीक्षण, शिक्षा की गुणवत्ता पर दिया जोर



**हरिभूमि न्यूज कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने समय–सीमा बैठक में दिए गए निर्देशों के परिपालन में जिलेभर में शासकीय स्कूलों का औचक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण अभियान का नेतृत्व जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान एवं जिला मिशन समन्वयक ईमल बघेल द्वारा गठित विशेष टीमों ने किया। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान स्वयं मैदानी स्तर पर सक्रिय रही और बोरगांव, अरंडी, बेलगांव, सेजेस, रांधना, इरागांव जैसे क्षेत्रें में विभिन्न प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं हाई स्कूलों का निरीक्षण किया। उनके साथ एस.आर. मरावी भी निरीक्षण कार्य में शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने न सिर्फ शिक्षकों की उपस्थिति, बल्कि बच्चों की उपस्थिति, पाठ्यपुस्तकों की स्कैनिंग व वितरण की प्रगति, गणवेश वितरण की स्थिति और मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का गंभीरता से मूल्यांकन किया। श्रीमती प्रधान ने सभी शालाओं को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत अधिक से अधिक पौधारोपण करने और उसकी ऑनलाइन प्रविष्टि सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने इसे छात्रें में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता जागृत करने का सशक्त माध्यम बताया श्रीमती शीला शार्दुल, सहायक जिला परियोजना अधिकारी ने निरीक्षण टीम का नेतृत्व करते हुए पांच विकासखंडों के कई शालाओं का निरीक्षण किया।

# केशकाल क्षेत्र में 6 संदिग्ध बाहरी व्यक्ति गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**हरिभूमि न्यूज कोण्डागांव/केशकाल।** केशकाल थाना क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा 6 संदिग्ध बाहरी व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद की गई, जिनमें आरोप था कि अन्य राज्यों से आए कुछ व्यक्ति बिना अनुमति के क्षेत्र में डेरा डालकर रह रहे हैं और संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त हैं। कोंडागांव पुलिस अधीक्षक वॉय अक्षय कुमार के निर्देश व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अरुण नेताम के मार्गदर्शन में केशकाल थाना प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में विशेष मुहिम चलाई गई।



मुहिम के तहत थाना क्षेत्र में घूमने वाले बाहरी व्यक्तियों का व्यापक सत्यापन किया गया। जांच के दौरान 6 व्यक्ति ऐसे पाए गए जो बिना किसी सूचना या वैध दस्तावेजों के क्षेत्र में रह रहे थे। इनके विरुद्ध धारा 128 बीएनएसएस के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर न्यायालय अनुविभागीय दंडाधिकारी केशकाल के आदेश पर उन्हें केंद्रीय जेल जगदलपुर भेजा गया। पुलिस ने बताया कि इन संदिग्धों पर रात्रि में संदिग्ध रूप से घूमना, गंदगी फैलाना, झगड़े की स्थिति बनाना, और चोरी जैसी संभावित गतिविधियों की शिकायतें मिली थीं, जिससे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बनने लगा था।

- **शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने जिला पुलिस की सख्त पहल**
- **नागरिकों की शिकायत पर कार्रवाई**

**अन्य बाहरी व्यक्तियों का भी सत्यापन किया जा रहा है –** जिला पुलिस अधीक्षक के स्पष्ट निर्देश हैं कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने या कानून तोड़ने वाले किसी भी बाहरी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इस अभियान के तहत अन्य बाहरी व्यक्तियों का भी सत्यापन किया जा रहा है और संदिग्ध पाए जाने पर तत्काल कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना थाना या हेल्पलाइन नंबर पर तत्काल दें, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनी रहे और अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके।

# संकुल केंद्र गोलावंड में शाला प्रवेशोत्सव नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगा स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



विकासखंड अंतर्गत संकुल केंद्र गोलावंड में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य नन्हे–मुन्ने नवप्रवेशी छात्र–छात्रओं का आत्मीय स्वागत कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करना था। आयोजन में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, स्वागत गीत व गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती अनीता कोराम, जनपद अध्यक्ष जनपद पंचायत कोंडागांव उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती अनीता बघेल, सरपंच गोलावंड, पीलो बाई बघेल, सरपंच बेतबेड़ा, मोहन कोराम, उपसरपंच गोलावंड, तथा सुको मंडावी, उपसरपंच बेतबेड़ा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर व मिठाई बांटकर स्वागत किया गया। बालकों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखते ही बनता था।

कार्यक्रम में एस.एम.सी. पदाधिकारी, महिला समूह, पालकगण और ग्रामवासियों ने बढ़–चढ़कर सहभागिता दी। सभी ने एकजुट होकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संकुल प्राचार्य जगमोहन भोयर, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी इरशाद अंसारी, विकासखंड स्त्रेत समन्वयक सुश्री मालती ध्रुव, संकुल समन्वयक सुकालू राम मांडवी, दुर्गा शंकर दीवान, चंद्रप्रकाश वासनिकर आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम को उत्कृष्ट रूप से संपन्न किया गया। प्राचार्य भजनलाल सलाम के नेतृत्व में शिक्षकों ने आयोजन की सभी तैयारियों को बखूबी अंजाम दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बैजनाथ पोयाम, विजय देवांगन, वीरेंद्र नेताम, घनश्याम पांडे, राजेश नेताम, शम शेर सिंह राणा, राधिका, प्रीति खोबरागड़े, भुवनेश्वरी देवांगन, रेवती गजेंद्र, दयावती सेठिया, रसना कोर्राम, श्यामलाल बघेल, पकलू कच्छ, रत्ना कुलदीप आदि शिक्षकों ने उल्लेखनीय योगदान दिया।

**ग्रामवासियों का मिला सराहनीय सहयोग–** कार्यक्रम की सफलता में ग्राम गोलावंड व बेतबेड़ा के समस्त ग्रामवासियों का सहयोग व भागीदारी अत्यंत सराहनीय रही। उनके प्रयासों से ही यह आयोजन समुदाय के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बन सका। शाला प्रवेश उत्सव ने न केवल बच्चों के स्वागत को खास बनाया, बल्कि पूरे क्षेत्र में शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश दिया। कार्यक्रम के माध्यम से अभिभावकों और समुदाय में शिक्षा के महत्व को लेकर उत्साहजनक वातावरण निर्मित हुआ।

## छात्र- छात्राओं को मिली पुस्तकें...



**हरिभूमि न्यूज कोण्डागांव।** सरस्वती शिक्षा मंदिर अंग्रेजी माध्यम में छात्र- छात्राओं को गुरुवार को पुस्तकें वितरित की गईं। विद्यार्थियों के चेहरे पुस्तकें पा कर खिल उठे।

# फुटबाल एकेडमी व वायएफसी लालबाग ने जीते अपने मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



जिला फुटबाल संघ के तत्वाधान में स्थानीय इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में आयोजित स्व सिद्धार्थ मिश्रा स्मृति डीएफए ट्राफी कम नॉक ऑउट फुटबाल स्पर्धा में गुरूवार को खेले गए मुकाबले में लालबाग व फुटबाल एकेडमी ने लिटिल स्टार फुटबाल क्लब उपनपाल व न्यू युवा क्लब नगरनार को हराकर जीत दर्ज की।

पहले मुकाबले में वायएफसी ने तीन गोल किए जिसके मुकाबले उपनपाल कोई गोल नहीं कर सकी। वायएफसी लालबाग की ओर से जर्सी नम्बर 1 हर्ष व जर्सी नम्बर 10 शिवम ने गोल किया। इस मैच में मुख्य निर्णायक विक्की पोडाल के अलावा सुरज खरे, मोतीलाल पोयाम व नितेश लाल रहे।

स्पर्धा का दसवां मुकाबला नगरनार विरूध फुटबाल एकेडमी के मध्य खेला गया। न्यू युवा क्लब नगरनार की ओर से एक मात्र गोल जर्सी नम्बर 7 जोगनाथ ने मैच के 38 वें मिनट में किया वहीं फुटबाल एकेडमी की ओर से जर्सी नम्बर 11 अमित नाग, जर्सी नम्बर 10 आशीष खरे, जर्सी नम्बर 16 आयशुभ सोनी व जर्सी नम्बर 9 रोहीत भारती ने 8 गोल कर एकतरफा जीत दर्ज की। इस मुकाबले में मुख्य निर्णायक दीपक डहरिया के अलावा विश्वजीत भट्टाचार्य, सोहन बेसरा व अगेन्द्र नाग रहे।

### आज इनके बीच होगा मुकाबला

*स्पर्धा में शुक्रवार को दो मैच खेले जाएंगे पहला मुकाबला मैत्री संघ विरूध एससी नगरनार व दूसरा मुकाबला जंगबाज फुटबाल क्लब विरूध भेजापदर फुटबाल क्लब के मध्य खेला जाएगा।*

**एग्रीकल्चर लीडरशिप कांक्लेव–2025 में जैविक खेती की गूंज**

# बस्तर के कोंडागांव मॉडल को राष्ट्रीयस्तर के मंच पर मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव





राजधानी दिल्ली में आयोजित 16वें एग्रीकल्चर लीडरशिप कांक्लेव–2025 में कोंडागांव के नवाचारी नेचुरल ग्रीन हाउस मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान और सराहना मिली। इस मॉडल को विकसित करने वाले पर्यावरण विधि विशेषज्ञ और ऑल इंडिया फार्मर्स अलायंस के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. राजाराम त्रिपाठी ने कृषक–उद्योग साझेदारी विषय पर आयोजित उच्च स्तरीय सत्र की अध्यक्षता की।

डॉ. त्रिपाठी मूलतः कोंडागांव जिले के कला ग्राम से हैं। उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों, जैविक ज्ञान और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का समन्वय करते हुए एक अनूठा कृषि मॉडल तैयार किया है, जिसे नेचुरल ग्रीन हाउस नाम दिया गया है। इसमें ऑस्ट्रेलियन टीक के पेड़ों के बीच काली मिर्च, औषधीय पौधे और इमारती लकड़ी की जैविक अंतर्विवर्ती खेती की जाती है। इस मॉडल की विशेषता यह है कि यह पूर्णतः सस्टेनेबल है और परंपरागत खेती की तुलना में कई गुना अधिक लाभप्रद भी।

इस मॉडल को न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि राजस्थान और हरियाणा जैसे राज्यों में भी सफलतापूर्वक अपनाया जा चुका है। इस बात की जानकारी देते हुए डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि यह मॉडल बस्तर के प्राकृतिक वातावरण, आदिवासी ज्ञान और वैज्ञानिक सोच का सुंदर उदाहरण है, जो आज पूरे देश के लिए प्रेरणा बन रहा है। कांक्लेव में देशभर के कृषि, उद्योग और नीति–निर्माण से जुड़े वरिष्ठ विशेषज्ञों ने भाग लिया। मंच पर जैविक खेती, सिंचाई नवाचार, कृषि नीति और किसान–उद्योग सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। अपने समापन भाषण में डॉ. त्रिपाठी ने देशभर के कृषि विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं को कोंडागांव आने का निमंत्रण देते हुए कहा, बस्तर अब केवल ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान का केंद्र नहीं रहा, बल्कि यह जैविक और नवाचारी खेती के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर एक मॉडल बन चुका है।





### गणमान्य रहे उपस्थित

*सम्मान समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी. सतशिवम समेत अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। कोंडागांव से शुरू हुआ यह प्रयास अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान की ओर बढ़ रहा है।*

## पेज 11 के शेष

### आईटीआर के वन्य...

जंगली मुर्गे, हरे कबूतर, बटेर, तोते और प्रवासी पक्षी प्रजातियों सहित स्टॉक शामिल हैं। बताया जा रहा है कि रिजर्व में 8 बाघ, 17 वनभैंसा और अन्य वन्य प्राणियों का कुनबा क्षेत्र में बढ़ा है।

### समलेश्वरी 15 तक...

आने-जाने वाली पैसेंजर ट्रेन को 11 से 14 जुलाई, राउरकेला से जगदलपुर आने-जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस को 11 से 14 जुलाई और भुवनेश्वर से जगदलपुर आने-जाने वाली हीराखण्ड एक्सप्रेस को 11 से 14 जुलाई तक रद्द किया गया है। हरिभूमि लैंड स्लाइड घटना के बाद खबरों को प्रमुखता के साथ प्रकाशित कर रेल यात्रियों को सतर्कता बरतने जागरुकता अभियान चला रहा है। 8 जुलाई के अंक में अभी भी खतरा टला नहीं यात्री गाड़ियों के परिचालन में बना सस्पेंस शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था,जो सच साबित हुई।

### शहीद महेन्द्र कर्मा...

लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर कुलपति प्रो.श्रीवास्तव ने कहा माँ के सम्मान में लगाया गया यह पौधा न केवल प्रकृति से जुड़ाव दर्शाता है, बल्कि यह एक भावनात्मक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने सभी को इस अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। यह आयोजन विश्वविद्यालय में हरियाली बढ़ाने, पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने तथा विद्यार्थियों में सामाजिक और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता लाने की दिशा में एक सार्थक पहल रही।

### पूर्व तट रेलवे...

साथ विशाखापटनम रेल मंडल रेल प्रबंधक ललित बोहरा,मंडल मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न विभागों के निर्माण और वाल्टेयर के अधिकारी निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक, पूर्व तट रेलवे के साथ थे। महाप्रबंधक ने जरटी और मालीगुडा के बीच रखरखाव कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने जरटी और मल्लिगुड़ा स्टेशन यार्ड, ओवरहेड उपकरण (ओएचई), पॉइंट्स और क्रॉसिंग, ट्रैक सर्किट,जरटी- मल्लिगुड़ा के बीच समग्र यार्ड लेआउट में प्रमुख सुरक्षा पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया और जगदलपुर से कोरापुट-रायगढ़ तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया।

### भाजपाइयों ने किया...

किया। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि गुरुजन सदैव सम्मानीय है। आज गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर संगठन के कार्यक्रम में गुरुजनों व सेवा क्षेत्र में लीन गणमान्य जनो का उनके गृह निवास पहुँच कर सम्मान किया,उनका कुशलक्षेम जाना व आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुजनों के सानिध्य में आनंद व प्रसन्नता महसूस की। इस मौके पर पूर्व विधायक डा. सुभाऊ कश्यप, बैदूराम कश्यप, योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीनिवास मिश्रा, श्रीधर ओझा,नरसिंह राव, आर्येन्द्र आर्य, मनोहर तिवारी, आलोक अवस्थी, प्रदीप देवांगन, संजय चंद्राकर, अतुल सिम्हा, मनोज पटेल, ब्रिजेश शर्मा, रोहित त्रिवेदी, वीरेंद्र जोशी, प्रेम यादव आदि शामिल रहे।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित....

अनिता ठाकुर की मृत्यु पानी में डूबने से पिता नरेश कुमार ठाकुर प्रत्येक को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

# गुरुपूर्णिमा पर भाजपा पदाधिकारियों ने किया सेवानिवृत व वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने गुरुपूर्णिमा पर्व के पावन अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ एवं सेवानिवृत शिक्षकों का उनके निवास स्थान पहुंचकर शाल व श्रीफल भेंटकर, तिलक लगाकर सम्मान किया। सर्वप्रथम बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के मुख्य पुजारी हरेंद्र नाथ जिया के निवास पहुंचकर शाल, श्रीफल भेंट कर तिलक लगाकर कार्यकर्ताओं ने आशीर्वाद लिया, इसके पश्चात वरिष्ठ व सेवानिवृत शिक्षक गोवर्धन दास बैरागी, राजश्री चौहान, मोहम्मद कासिम, एलबी यादव, माधव सिंह गौड़ व भूतपूर्व मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण ठाकुर के निवास पहुंचकर शाल व श्रीफल भेंटकर भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने गुरुपूर्णिमा पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी व आशीर्वाद प्राप्त किया। भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा की गुरु ज्ञान के स्त्रोत ही नहीं जीवन की प्रेरणा भी हैं, शिक्षा, संस्कार और जीवन के उच्चतम मूल्यों का संचार करने वाले सभी गुरुजनों को गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर मेरा सादर नमन एवं आप सभी को गुरुपूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर, जनपद सदस्य्य रामु नेताम, पार्षद श्रवण कड़ती, मंडल अध्यक्ष जय भंसाली, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष कुलदीप ठाकुर, पार्षद विनोद साहू, मंडल महामंत्री मोहन ठाकुर, राजेश बोरबन, कमला बैरागी, कीर्ति ठाकुर, कुंती झरना, कौशल्या ठाकुर, लक्ष्मी यादव, डे नारायण, गौतम भाटी, भूपेंद्र ठाकुर एवं समस्त भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## खबर संक्षेप

### सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया गुरु पूर्णिमा




**गीदम।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में व्यास जयंती को गुरु पूर्णिमा उत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम पूर्व व्यास जी महाराज के छायाचित्र में दीपक प्रज्वलन व पूजा अर्चना कर भैया बहनों ने अपने आचार्य का तिलक वंदन कर आशीर्वाद लिया। पश्चात सभी भैया बहनों ने गुरु की महिमा पर गीत भजन व गुरु शिष्य परंपरा के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये। गुरु वशिष्ठ, गुरु विश्वामित्र, गुरु सांदीपनि, गुरु द्रोणाचार्य, भक्त प्रहलाद, ध्रुव व व्यास जी महाराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए अपने गुरु का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। आचार्य व दीदीयो ने भी गुरु महिमा पर अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिशु भारती प्रमुख भैया जीत साहू ने किया और सभी भैया बहनों ने गुरु महिमा पर अपने विचार गीत भजन के माध्यम से प्रस्तुत किया। गुरु की आरती करने के बाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। अनादि काल से जो गुरु शिष्य की परंपरा चली आ रही है उसे परंपरा को जीवित रखने के लिए कहा गया। विद्यालय के प्राचार्य विजय दुबे ने बताया कि व्यास की माता का नाम सत्यवती व पिता का नाम ऋषि पराशर था। वह बचपन से कुशाग्र बुद्धि के थे उन्होंने चार वेद और 18 पुराण की रचना की।

## निधन

### घनश्याम मिश्रा



**जगदलपुर।** स्वास्थ्य विभाग के सेवानिवृत सुपरवाइजर, वार्ड क्रमांक 9 बस्तर निवासी घनश्याम मिश्रा का पिछले दिनों 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वह पत्रकार स्व. सुनील मिश्रा, अनिल मिश्रा के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार पैतृक निवास बस्तर में ही किया गया।

## जनपद अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधि शाला प्रवेश उत्सव में हुए शामिल

# बच्चों को तिलक लगाकर कराया शाला प्रवेश, पाठ्य पुस्तक भी किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल बस्तर में शाला प्रवेश उत्सव गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शाला में पहुंचे अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ आरंभ हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया।

- स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बस्तर में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संतोष बघेल व अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया और सभी का उत्साह वर्धन करने के साथ शुभकामनाएं दी। उन्होंने बच्चों को निशुल्क पाठय पुस्तक प्रदान किया। इस दौरान कहा कि शासकीय स्कूलों में बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाई जा रही है जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि बच्चों के विकास के लिए शिक्षक अच्छा काम कर रहे हैं। आज का दिन को बच्चे कभी नहीं भूलेंगे जीवन भर स्मरण रहता है। यहां के बच्चे पढ़ाई खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन किए हैं। इसका श्रेय शिक्षकों को जाता है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर जिला व ब्लॉक स्तर पर बच्चे अच्छा प्रदर्शन कर रहे है। साथ ही बच्चों के लिए जैई और नीट की भी तैयारी करवाई जाएगी।

शाला प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यालय परिसर में बच्चों, अभिभावकों और वरिष्ठ नागरिकों की बड़ी उपस्थिति ने शिक्षा के प्रति समाज की रुचि और सहभागिता में निरंतर वृद्धि हो रही है। उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के सुनहरे भविष्य एवं अच्छे प्रदर्शन के पीछे निश्चित तौर पर आप लोगों का विशेष योगदान होता है। कार्यक्रम को प्राचार्य मनोज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 2024 -25 का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है। कक्षा 12वीं का 89 प्रतिशत रहा और दसवीं में 97 प्रतिशत रहा ब्लॉक थर में दो बच्चों ने अव्वल किया है। साथ ही खेलकूद में जिला स्तर पर भी अच्छा प्रदर्शन बच्चों ने किया। दो बच्चों का अंडर 19 क्रिकेट में सलेक्शन हुआ है। दो बच्चे फुटबॉल में भी अच्छा प्रदर्शन किये है। कार्यक्रम को शाला समिति के अध्यक्ष डॉ.व्हीएस राजपूत, संरक्षक रामानंद मिश्रा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद वीरसिंह बघेल ने पार्षद निधि से कंप्यूटर प्रदान करने पर साल व श्रीफल से शाला परिवार ने सम्मानित किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष देवकी भद्रे, उपाध्यक्ष अनिल परिहार, पार्षद समीर मिश्रा, वीरसिंह बघेल, नरसिँह नागेश, नरेंद्र जोशी, किरण सेठिया, रमेश ठाकुर, मोहन चौरसिया, एबीईओ सुशील तिवारी, बीआरसी आजम्बर कोर्राम, चंद्रभान मिश्रा, उप प्राचार्य कुलेश्वर यादव, सूरज निषाद सहित स्कुल स्टॉफ व पालक मौजूद रहे।

### अतिरिक्त कक्ष व रंगमंच की मांग

इस दौरान मांग पत्र सौंपते हुए प्राचार्य ने बताया कि शाला परिसर में बच्चों के लिए रंगमंच व अतिरिक्त कक्ष व बालिका शौचालय की कमी होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जनपद अध्यक्ष ने उक्त मांग को पूरी करने की बात कही। वहीं बालिका शौचालय के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष देवकी भद्रे ने विधायक से चर्चा कर स्वीकृति प्रदान करने की बात कही।

### मध्याहन भोजन का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

बीईओ भारती देवांगन व एबीईओ सुशील तिवारी सहित जनप्रतिनिधि ने विद्यालय में बच्चों के लिए बनाए जा रहे मध्याहन भोजन गुणवत्ता परखने के लिए निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मीनू के हिसाब से मध्यान भोजन की गुणवत्ता ठीक पाए जाने पर सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को बेहतर गुणवक्ता पूर्ण भोजन एवं स्वच्छता को लेकर निर्देश दिए। साथ ही स्कुल स्टॉफ और पालकों के सहयोग से मध्याहन भोजन शेड का निर्माण करवाया जा रहा है।

# किसानों को मिल रही पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुकमा जिले के कोंटा विकासखंड के ग्राम पंचायत पुनपल्ली के किसान कलमू देवा रासायनिक खाद पाकर उत्साहित हैं। गांवों में खेती किसानी की शुरुआत हो गई है। कलमू ने बताया कि ग्राम पंचायत दुब्बाटोटा के सहकारी समिति (सोसाइटी) में रासायनिक उर्वरक भरपूर मात्रा में उपलब्ध है। छत्तीसगढ़ शासन से पूर्व में प्राप्त डीएपी, एनपीके, पोटाश और अन्य कीटनाशक को किसानों को वितरित किया गया है और आवश्यकतानुसार खाद की मांग की गई है।

- किसान ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का माना आभार

किसान समय पर और बिना किसी कठिनाई के खाद-बीज प्राप्त कर पा रहे हैं। कोंटा विकासखंड में स्थित सहकारी समिति(सोसाइटी) दुब्बाटोटा के अंतर्गत 14 गांव के किसान खाद-बीज लेने आते हैं। समिति में पंजीकृत किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर खाद और बीज प्रदान किया जाता है। इससे किसानों को काफ़ी सहूलियत होती है। कलमू देवा ने बताया कि मैं पुनपल्ली गाँव का निवासी हूँ। मेरे पास 5 एकड़ जमीन है जिसमे मैं धान की खेती करता हूँ। मैं दुब्बाटोटा खाद लेने के लिए आया था।

आज मैं 2 बोरी यूरिया लेकर जा रहा हूँ। हमारे सोसाइटी में खाद की कोई कमी नहीं है। मैं कुछ दिन पहले 6 बोरी धान अपने खाते से शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर लेकर गया था। सरकार द्वारा किसानों के लिए की जा रही सारी व्यवस्थाएं सराहनीय हैं।

### मुख्यमंत्री के प्रयास से किसानों को मिल रहा खाद

किसान कलमू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सदैव किसानों के हित में निर्णय लेते हैं और उनके प्रयासों से ही किसानों को समिति में खाद की आपूर्ति हो पाई है। इसके लिए मैं जनहितैषी मुख्यमंत्री साय को धन्यवाद देता हूँ।

# जनपद पंचायत की अव्यवस्थाओं को लेकर सरपंच संघ नाराज





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

जनपद पंचायत बकावंड की कार्यप्रणाली एवं व्यवस्थाओं को लेकर सरपंच संघ बकावंड ने गहरी नाराजगी जताते हुए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को 4 बिंदुओं पर आधारित एक मांग पत्र सौंपा। सरपंच संघ ने मांग पत्र के माध्यम से जनपद में व्याप्त अव्यवस्थाओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए शीघ्र समाधान की मांग की है।

संघ की ओर से प्रथम मांग यह रखी गई कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में निर्मित व्यवसायिक परिसरों का किराया शुल्क जो जनपद पंचायत के खाते में जमा किया जा रहा है, उसे तत्काल प्रभाव से ग्राम पंचायतों के खाते में जमा कराया जाए। साथ ही पूर्व में जनपद स्तर पर जमा की गई राशि को निर्माण वर्ष से लेकर अब तक के ब्याज सहित ग्राम पंचायतों को वापस किया जाए। सरपंचों का कहना है कि यह राशि ग्राम पंचायत की आय है, जिसे जनपद स्तर पर रखे जाने से पंचायतों के स्वशासन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

### एक अनार 93 बीमार

दूसरे बिंदु में सरपंच संघ ने जनपद पंचायत बकावंड में मात्र एक सब इंजीनियर की नियुक्ति पर गहरी आपत्ति जताई। संघ का कहना है कि जनपद अंतर्गत कुल 93 ग्राम पंचायतें हैं और एकमात्र उपयंत्री के भरोसे समस्त विकास कार्यों की निगरानी, प्राक्कलन, निरीक्षण तथा माप कार्य संभव नहीं हो पाता। परिणामस्वरूप पंचायतों में कार्यों की गति धीमी हो गई है। उन्होंने जनपद में तत्काल दो उपयंत्रियों की नियुक्ति की मांग की।

तीसरे बिंदु में राशन कार्ड से नाम काटने की प्रक्रिया को जनपद स्तर पर किए जाने की मांग की गई है। सरपंचों ने बताया कि विवाह अथवा मृत्यु उपरांत नाम काटने हेतु ग्रामीणों को जिला मुख्यालय के चक्कर काटने पड़ते हैं, जिससे उन्हें भारी परेशानी होती है। यदि यह प्रक्रिया जनपद स्तर पर पंचायत प्रस्ताव के आधार पर संपन्न हो, तो ग्रामीणों को राहत मिलेगी।

### सरपंच सदन हुआ जर्जर

चौथे एवं अंतिम बिंदु में सरपंच संघ ने जनपद परिसर में निर्मित सरपंच सदन भवन के जीर्ण-शीर्ण स्थिति की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने भवन के शीघ्र मरम्मत कराकर उसे सरपंच संघ को सौंपे जाने की मांग रखी। सरपंच संघ ने जनपद पंचायत से मांग की है कि उपरोक्त सभी समस्याओं का गंभीरता से संज्ञान लेकर जल्द निराकरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे ग्राम पंचायतों का सुचारू संचालन एवं ग्रामीण विकास की गति बनी रहे। इस दौरान सरपंच संघ अध्यक्ष रीमाधर बघेल, उपाध्यक्ष गोपाल कश्यप, सचिव संतोष कश्यप, मीडिया प्रभारी नीलम कुमार कश्यप, मधुसूदन नेताम, संतोष कश्यप, सलाहकार लखमू राम नेताम, संरक्षक चंपा सूर्यवंशी, अंबाली बघेल, तिलोत्तमा, प्रवक्ता जयमनी कश्यप, धनमती भारती, महामंत्री चक्रधर, कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह बघेल, सोनसिरा, अर्जुन, भगवती, जोगेंद्र कुलधर, आसमती, तिलेश्वरी, श्यामवती, सुंदरी कश्यप एवं सरपंच संघ के पदेन सदस्य उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत शिक्षकों को शाल श्रीफल देकर किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भाजपा मंडल बस्तर के नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 2 में सेवानिवृत शिक्षक प्रदीप मिस्त्री एवं पटेल मैडम को भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रीफल व शाल देकर सम्मानित किया। यह कार्यक्रम प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के दिशा निर्देश पर प्रत्येक मंडलों में कार्यक्रम एवं वार्डों में शिक्षा, खेल, धर्म, समाज सेवा एवं अन्य क्षेत्रों में गुरुजनों के निवास में जाकर सम्मान किया जाना था। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भाजपा मंडल के बस्तर, बागमोहलई, इच्छापुर बोड़नपाल, मधोता-1, कुड़कानार में भी सेवानिवृत शिक्षकों को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला मंत्री डॉ. व्हीएस राजपूत, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र जोशी, पार्षद समीर मिश्रा, वीर सिंह बघेल, किरण सेठिया, सुष्मिता मिस्त्री, बसंती पटेल, महेश मौर्य, रमेश ठाकुर, मोहन चौरसिया,अनिल जायसवाल, रोहित चंदेल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए कर रहे प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिले के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से लाइवलीहुड कॉलेज में एक्सिस बैंक द्वारा एक दिवसीय रोजगार शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में फील्ड ऑफिसर एवं ब्रांच रिलेशनशिप ऑफिसर के पदों हेतु युवाओं का चयन किया जा रहा है। रोजगार शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय युवा शामिल हुए और चयन प्रक्रिया में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैंक प्रतिनिधियों द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को आगे की प्रक्रिया के लिए सूचित किया जाएगा। एक्सिस बैंक के अधिकारियों ने बताया कि यह पहल युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए प्रोत्साहित करने और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला प्रशासन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं के लिए बेहतर भविष्य की नींव रखते हैं और जिले के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होते हैं।

**न्यायालय तहसीलदार बस्तर**
**जिला बस्तर (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

**रा.प्र.क्र./क/ब-121/2024-25**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका अमरिका नायक पिता/पति श्री सुकचन्द नायक जाति कंवर निवासी ग्राम महुपालबरई वर्तमान ग्राम महुपालबरई मृत्यु ग्राम महुपालबरई जहां मृत्यु दिनांक 10/12/2021 को मृतक स्व. दुलसा नायक पति स्व. रामलाल नायक का मृत्यु हुआ होना बताया जाकर मृतक के संबंध रिस्ते आवेदिका मृतक स्व. दुलमा नायक को सासु मां बताते हुए उक्त मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 27/07/2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

(मुहर) **तहसीलदार**
**बस्तर**

**समक्ष : श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी दण्डाधिकारी कोण्टा, जिला सुकमा (छ.ग.)**
**शपथ पत्र**

मैं पदाम रामू, पिता- श्री पदाम दुला, आयु 23 वर्ष, निवासी चिन्तागुफा, पोस्ट भेज्जी, तहसील कोण्टा, जिला सुकमा, छ.ग. पिनकोड नं. 494114 शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन अभिव्यक्त करता हूं कि :-

1. यह कि मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरा नाम एवं उपनाम पदाम रामू, पिता श्री पदाम दुला रहा है, जो कि मेरे मतदाता पहचान पत्र एवं अन्य शासकीय अभिलेखों में अंकितानुसार सत्य एवं सही है।
3. यह कि पूर्व में मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में मेरा सरनेम त्रुटिवश वेटटी रामू पिता श्री गंगा अंकित कर दिया गया है।
4. यह कि मेरा नाम एवं उपनाम मेरे उपनामानुसार पदाम रामू पिता श्री पदाम दुला ये नाम मेरा ही नाम है। किसी अन्य का नाम नहीं है।
5. यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरे उपनामानुसार वेटटी रामू, पिता गंगा के स्थान पर पदाम रामू पिता पदाम दुला सुधारकर अंकित कराना चाहता हूं।
6. यह कि मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में सरनेम सुधार करने के समर्थन में यह शपथ पत्र बनाया गया है।

स्थान-कोण्टा **शपथकर्ता**
दिनांक 27/06/2025

**सत्यापन**

उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता हूं कि उपरोक्त शपथ पत्र में वर्णित तथ्य मेरे स्वतः के निजी ज्ञान एवं विश्वास से सत्य एवं सही है। सत्यापन आज दिनांक 27/06/2025 को स्थान कोण्डा में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

स्थान-कोण्टा **शपथकर्ता**
दिनांक 27/06/2025

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)



प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)

**भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग**
ग्राम-दानीटोला, पोस्ट-भैसबोड़
तहसील-डौंडी, जिला-बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200

TEAM CREATIVE

## खबर संक्षेप

### आदिवासी छात्र-छात्राओं को नहीं मिल रहा छात्रावास में प्रवेश



**जगदलपुर।** सर्व आदिवासी समाज के मीडिया प्रभारी पूरन सिंह कश्यप ने बस्तर अंचल में आदिवासी छात्रों को छात्रावास की सुविधा नहीं मिलने पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि बस्तर एक अनुसूचित क्षेत्र है, जहां अनुसूचित जनजाति वर्ग की जनसंख्या बहुसंख्यक है। इसके बावजूद, यहां के महाविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले सैकड़ों आदिवासी छात्र-छात्राओं को छात्रावास भवनों में प्रवेश नहीं मिल रहा है, जो शिक्षा के क्षेत्र में प्रशासनिक विफलता को उजागर करता है। कश्यप ने बताया कि वर्तमान समय में कॉलेजों में दाखिला प्रक्रिया चल रही है, लेकिन अधिकांश छात्रावासों में फार्म ही नहीं दिए जा रहे हैं। छात्रों को यह कहकर लौटा दिया जा रहा है कि फॉर्म खत्म हो गए हैं या बाद में आना जबकि प्रवेश की समय-सीमा निकट है। उन्होंने इस स्थिति को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि बस्तर जैसे खनिज संसाधनों से समृद्ध क्षेत्र में मूल निवासी आदिवासी छात्र शिक्षा के लिए दर-दर भटक रहे हैं।

### गुरूपूर्णिमा पर हुआ भंडारा



**जगदलपुर।** शहर के मोतीतालाब पारा के सत्य साई सेवा समिति जगदलपुर द्वारा गुरूवार को ओंकारम, सुप्रभातम, नगर संकीर्तन किया गया। दोपहर वृहद नारायण सेवा भंडारा किया गया। शाम को वेदपाठ, भजन, वीडियो शो, बाबा के प्रवचन के वाचन उपरांत महामंगल आरती संपन्न हुई।

## उत्साह के साथ मना गुरुपूर्णिमा उत्सव...



**जगदलपुर।** श्री साई सेवा समिति द्वारा साई मंदिर धरमपुरा में तीन दिवसीय गुरुपूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। गुरुपूर्णिमा के अवसर पर शिरडी साई एवं मंदिर की आकर्षक साज-सज्जा की गई है। गुरुवार को अपने गुरु साई के दर्शन करने हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। दोपहर मध्यान्ह आरती पश्चात महाभंडारा का आयोजन समिति की ओर से किया गया। शुक्रवार को उत्सव के अंतिम दिवस नियमित पूजा के पश्चात श्री साई बाबा पुष्प अर्चना, तुलसी पूजन, सत्यनारायण पूजा, मध्यान्ह आरती पश्चात प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है।

### कमिश्नर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए ली अधिकारियों की बैठक

# वनाधिकार पट्टेधारियों के फौती नामांतरण के लिए संवेदनशीलता के साथ करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा कि वनाधिकार पट्टेधारियों के फौती नामांतरण सुनिश्चित करने हेतु संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करें। इस दिशा में राजस्व एवं वन विभाग द्वारा समन्वित तौर पर मैदानी अमले के

- **राजस्व प्रकरणों के निराकरण सहित खाद-बीज की सुलभता और मौसमी बीमारियों के नियंत्रण एवं उपचार हेतु प्रभावी पहल करने पर बल**

माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करवाया जाए। साथ ही कोटवारों के जरिए मुनादी करवाकर ग्रामीणों को अवगत कराया जाए। वहीं पटवारी हल्का और रेंज ऑफिस में सम्बंधित वनाधिकार पट्टेधारकों से आवेदन पत्र प्राप्त कर फौती नामांतरण की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। वर्षाकाल के दौरान नदी-नाले उफान पर रहने की स्थिति का सतत निगरानी रखने सहित बाढ़ आपदा से बचाव सम्बन्धी त्वरित पहल करें। आम जनता को बाढ़ की स्थिति में नदी-नाले नहीं पार करने हेतु समझाइश दी जाए और इस बारे में मैदानी अमले एवं कोटवारों के माध्यम से जनजागरूकता निर्मित किया जाए। साथ ही प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को आरबीसी 6-4 के तहत तत्काल सहायता प्रदान करें। कमिश्नर ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए भैरमगढ़-नरहरपुर सहित माकड़ी एवं बकावण्ड विकासखण्ड से सम्बंधित एसडीएम, तहसीलदार और अन्य खण्ड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान उक्त निर्देश दिए।

उन्होंने अब तक हुई वर्षा की स्थिति, खरीफ फसल सीजन हेतु खाद-बीज भंडारण स्थिति, किसानों के लिए खाद-बीज की उपलब्धता का संज्ञान लिया और कृषकों की मांग के अनुरूप खाद-बीज सुलभ करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्धारित समय-सीमा में राजस्व प्रकरणों को अनिवार्य रूप से निराकृत किए जाने कहा। वहीं वर्षाकालीन मौसमी बीमारियों की स्थिति पर सतत निगरानी रखने सहित मौसमी बीमारियों के नियंत्रण एवं उपचार हेतु व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल देते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि मैदानी अमले के द्वारा शुद्ध पेयजल का उपयोग, गर्म एवं ताजा भोजन का सेवन करने सहित मलेरिया, बुखार, उल्टी-दस्त से पीड़ित होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में ईलाज करवाने इत्यादि स्वास्थ्य शिक्षा ग्रामीणों को प्रदान किया जाए। साथ ही हाट-बाजारों में मुनादी के जरिए जनजागरूकता निर्मित किया जाए। मितानिनों के दवा पेटी में आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं की सुलभता सहित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं तथा सभी स्वास्थ्य केंद्रों में जरूरी दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी रेबीज एवं एंटी वेनम इंजेक्शन की अनिवार्य रूप से उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा। बैठक में डिप्टी कमिश्नर बीएस सिदार, आरती वासनिक एवं गीता रायस्त सहित विभिन्न विभागों के संभाग स्तरीय अधिकारी भी मौजूद थे।



#### पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश प्रदाय के निर्देश

कमिश्नर ने स्कूली बच्चों को नियमित तौर पर स्कूल से जोड़ने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर शाला प्रबंधन समितियों की बैठक कर माता-पिता एवं अभिभावकों को समझाइश देने कहा। साथ ही मध्यान्ह भोजन के सुचारू संचालन के लिए महिला स्व सहायता समूहों की व्यापक सहभागिता, खाद्यान्न का उठाव एवं अन्य व्यवस्था सहित आंगनबाड़ी केंद्रों में लक्षित लाभार्थियों को समेकित बाल विकास सेवाओं की उपलब्धता यथा स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, गर्म भोजन एवं रेडी टू ईट पोषण आहार की सुलभता पर चर्चा किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूली बच्चों को पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण स्थिति का संज्ञान लेते हुए न्यौता भोज आयोजन हेतु ग्राम पंचायतों का सहयोग लेने सहित स्थानीय पंचायत पदाधिकारी तथा मैदानी अमले को भी सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किए जाने कहा।

### लक्ष्मीनारायण मंदिर में धूमधाम से मनाया गया गुरुपूर्णिमा पर्व



**जगदलपुर।** शहर के प्रवीर वार्ड स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर में गोवर्धन मठ पूरी के पीठाधीश्वर श्रीमज्ज जगतगुरु शंकराचार्य जी की सेनापरिषद,आदित्यवाहनी-आनंदवाहनी के मातृशक्तियां और पुरुष कर्मकर्ताओ ने पूजन कर गुरुपूर्णिमा पर्व धूमधाम के साथ मनाया। भगवान शंकराचार्य के दिक्षार्थियो ने उनके स्वास्थ्य उत्तम रहने और दीर्घायु की कामना भगवान लक्ष्मीनारायण से की।

पुजारी पंडित किशोर तिवारी और पंडित चन्दन तिवारी के साथ आचार्य पंडित रोमितराज त्रिपाठी के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिविधान से पूजा,आरती,हनुमान चालीसा एवं भजन-कीर्तन कर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान भगवान शंकराचार्य से जुड़े आदित्यवाहनी-आनंदवाहनी के समस्त दिक्षार्थी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुरुपूर्णिमा पूजा में सम्मलित हुए। इस दौरान आदित्यवाहनी के जिलाध्यक्ष योगेश ठाकुर,आनंदवाहनी की जिलाध्यक्ष गीता ठाकुर समेत सम्भागीय सचिव योगेश शुक्ला,अभय दीक्षित,संतोष बाजपेई, राकेश साहू,शिव मिश्रा,योगेश मिश्रा,परेश टाटी,शिखा घोष अलका सेंगर बबली शुक्ला, विभा सेंगर, ।विमला पाण्डेय, सरोज सोनी, अन्जू पाण्डेय अनुप्रिया बाजपेयी उर्मिला आचार्य, प्रिति दास, सपना,सुधा सिंह,काव्या शुक्ला समेत अन्य उपस्थित थे।

## ईडी ने किया उपकेन्द्र का निरीक्षण...



**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम हाल ही में दंतेवाड़ा जिले के लौहनगरी किरंदुल के उपकेन्द्र का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सेवा दें, साथ ही बंद बिजली की शिकायत पहुंचकर हर संभव बिजली को बहाल करें। ईडी के साथ अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम भी शामिल रहे।

# निकासी नाली पर लगाया फेंसिंग तार, सफाई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जेल प्रशासन द्वारा शहर के वीर सावरकर वार्ड के बासमुंडा पारा स्थित निकासी नाली पर फेंसिंग तार

- **महापौर ने जेल अधीक्षक से मिलकर की चर्चा**

लगाया गया है। जिसकी वजह से नाली की सफाई प्रभावित हो गई है। सफाई नहीं होने से आसपास के घरों में गंदगी फैल गई है। यहां के रहवासी बदबू से परेशान है। इस विषय को लेकर महापौर संजय पाण्डे, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही व राणा घोष जेल अधीक्षक से मिलने केंद्रीय जेल पहुंचे।

लंबे समय से जेल विभाग द्वारा जेल के पीछे स्थित बासमुंडा पारा में बनी नाली में फेंसिंग तार लगाया गया है। यहां से निकलने वाली नाली पर जेल विभाग द्वारा फेंसिंग कर नाली को ढक दिया गया है। इस वजह से नाली की सफाई नहीं हो पा रही है। सारा कचरा नाली के अंदर लंबे समय से पसरा हुआ है। आसपास के लोग बदबू से परेशान हैं। इतना ही नहीं बल्कि जेल प्रशासन द्वारा समय-समय पर जो पानी छोड़ा जाता है उसकी वजह से भी काफी परेशानी हो रही है। चूंकि नाली जाम है इसकी वजह से पानी सड़क के ऊपर से बहते हुए मकानों में जा रहा है।

महापौर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने जेल अधीक्षक से मिलकर इस विषय में लंबी चर्चा की। जेल अधीक्षक ने आस्वस्त किया की समस्या का निराकरण जल्द ही किया जाएगा। उनके द्वारा भी एक बार मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया जाएगा और समस्या को यथासंभव हल करने का प्रयास किया जाएगा।

महापौर ने बताया जेल अधीक्षक से इस विषय को लेकर लंबी चर्चा की गई है। आसपास के लोगों को जो परेशानी हो रही है उसका निराकरण किया जाएगा। जेल अधीक्षक ने नाली बनाने को लेकर सहयोग करने की बात कही है।



# गुरू पूर्णिमा पर सेवानिवृत्त शिक्षकों का श्रीफल भेंटकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

लोहण्डीगुड़ा में भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शिक्षकों का सम्मान किया। इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारी द्वारा आज सम्मान पूर्वक सेवानिवृत्त शिक्षक शिक्षिकाओं व गुरुजनों का मुंह मीठा कराकर , सभी कर्मचारियों को श्रीफल भेंटकर, तिलक लगाकर सम्मानित गया एवं सभी ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। पार्टी के इस गरिमामय कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपने अपने अनुभव साझा भी किए एवं अपना मार्गदर्शन प्रदान किया। इस दौरान पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप,मंडल अध्यक्ष मंगतू कश्यप,जनपद उपाध्यक्ष बसंत कश्यप,महामंत्री सावेंद्र सेठिया,जनपद सदस्य कलम सिंह कश्यप,सरपंच भरत कश्यप,पूर्व जनपद बोंजा राम मौर्य, सुदरू सेठिया,मुरलीधर कश्यप,ओमप्रकाश ठाकुर सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



# विद्यालय में मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव



**नगरनार।** सरस्वती शिशु मंदिर नगरनार विद्यालय में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया । इस कार्यक्रम में भैया, बहन ,विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्यम सिंह हर्ष मिश्रा, राधा दास, संतोषी बघेल, हेमलता बघेल, अंजलि सेठिया, रीता यादव, सरोजिनी, प्रतिमा बघेल एवं मालती बघेल शामिल रहे। भैया बहन को भारतीय संस्कृति के अनुसार गुरु के बारे में बताया गया हम सबके जीवन का प्रथम गुरु के रूप में हमने मां दूसरा शिक्षक के रूप में है।

# एसोसिएशन ने किया राष्ट्रव्यापी हड़ताल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सेंट्रल जोन इंश्योरेंस एम्पलॉइज एसोसिएशन ने बुधवार को 10 मांगों को देखकर राष्ट्रव्यापी हड़ताल किया। मांगों में सभी श्रम सहिताऐं रुद्द करो, बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई का निर्णय वापस लो, बीमा कानूनों में परिवर्तन नहीं चलेगा, एलआईसी के शेयरों के विनिवेशीकरण पर रोक लगाओ, बीमा प्रीमियम पर जीएसटी वापस लो, एलआईसी में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी संवर्ग में तत्काल नई भर्ती प्रारंभ करो, स्थायी काम की आऊटसोसिंर्ग पर रोक लगाओ, समान काम के लिए समान वेतन दो, सभी कर्मचारियों को 1995 की पेंशन योजना में शामिल करो एवं चारों सार्वजनिक आम बीमा कंपनियों का मर्जर करो शामिल हैं।

# मलेरिया, डेंगू फाईलेरिया रोग में कमी लाने बांटा गया मच्छरदानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत मलेरिया, डेंगू फाईलेरिया जैसे गंभीर रोग में कमी लाने के उद्देश्य से बुधवार को शहरी क्षेत्र के राजेंद्र प्रसाद व संजय गांधी वार्ड स्थित शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में शासन से प्राप्त मच्छरदानियों का वितरण नगर निगम के अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता व वार्ड पार्षद की उपस्थिति में किया गया।

नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन ने जनसाधारण को मिलने वाली सुविधाओं तथा लाभ का उल्लेख करते हुए इस कार्य को सराहा। उन्होंने वितरण किये जा रहे मच्छरदानियों का सदुपयोग बताया। मलेरिया, डेंगू जैसे बिमारियों को रोकने की दिशा में किए जा रहे प्रयास में सहयोग करने की बात भी उन्होंने कही। देवांगन ने मच्छरदानी का नियमित उपयोग जैसे आदर्श व्यवहारों को अपनाने का आव्हान भी लोगों से किया। मच्छरदानी के वितरण के साथ-साथ सभी स्थानों पर ठहरे हुए पानी का त्वरित निष्कासन तथा जन जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका एवं जोर देने हेतु स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले एवं मितानिन बहनों को सुझाव दिए। इस अवसर पर सभापति लक्ष्मण झा ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता और समय पर बचाव ही बीमारियों से सुरक्षा की कुंजी है। नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग मिलकर इस अभियान को प्रत्येक वार्ड तक पहुंचाने के लिए संकल्पित है। मच्छरदानी की उपयोगिता एवं वितरण के मापदण्ड कार्यक्रम में उपस्थित प्रशांत श्रीवास्तव के द्वारा बताया गया। मंगलवार से जगदलपुर शहरी क्षेत्रों के 48 वार्डो में मच्छरदानी वितरण का कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। अलग अलग वार्डो में मच्छरदानी वितरण हेतु दिनांक वार कार्ययोजना बनाई गई है। नोडल अधिकारी डॉ मैत्री के द्वारा बताया गया की वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यकम के संचालन से पूरे जिले में मलेरिया के धनात्मक प्रकरणो में कमी आई। कार्यक्रम में पार्षद कोमल सेना, माधवी मण्डल, ओम प्रकाश यादव, अमित नेताम, अवनीश मिश्रा, जिला शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पी डी बस्तैया, प्रशांत श्रीवास्तव, संगीता सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी सम्मिलित हुए



online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
13 अगस्त, 10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411